प्रादेशिक समाचार
दिनांक–13.10.2024 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

1. प्रधानमंत्री गति शक्ति योजना के तीन वर्ष पूरे, झारखंड समेत देश भर में अब तक 15 करोड़ 39 लाख करोड़ रुपए की 208 परियोजनाओं की मंजूरी के लिए की गयी अनुशंसा।
2. कांग्रेस और झामुमो के बीच जल्द होगा सीटों का बंटवारा, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा–गठबंधन दल की बैठक में लिया जाएगा अंतिम निर्णय।
3. प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के लिए पंजीकरण शुरू, एक सौ 93 कंपनियां लगभग 91 हजार इन्टर्नशिप के अवसर प्रदान करेंगी।
4. मौसम विभाग ने राज्य के कुछ हिस्सों में मानसून के वापस होने की जताई संभावना, रांची समेत खूंटी, लोहरदगा, गुमला और सिमडेगा समेत अन्य जिलों में अगले तीन दिनों तक हो सकती है बारिश। और,
5. भारत ने टी–20 मैच में बांग्लादेश को 133 रन से हराकर श्रृंखला 3–0 से जीती, शारजाह में महिला ट्वेंटी–20 क्रिकेट विश्व कप में आज भारत का मुकाबला ऑस्ट्रेलिया से।

****

बहुस्तमरीय कनेक्टिविटी के लिए प्रधानमंत्री गतिशक्ति नेशनल मास्टर योजना आज तीन वर्ष पूरे कर रही है। विभिन्न आर्थिक क्षेत्रों को बहुस्तरीय कनेक्टिविटी अवसंरचना प्रदान करने के लिए वर्ष 2001 में इस मास्टर योजना का शुभारंभ किया गया था। प्रधानमंत्री गति शक्ति योजना के तहत अब तक झारखंड समेत देश भर में 15 करोड़ 39 लाख करोड़ रुपए की 208 परियोजनाओं की मंजूरी के लिए अनुशंसा की गयी है। एक रिपोर्ट–

****

विधानसभा चुनाव को लेकर सरगर्मी लगातार तेज होती जा रही है। बैठकों और मुलाकातों का दौर भी जारी है। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने नई दिल्ली में कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव केसी वेणुगोपाल और पार्टी के शीर्ष नेताओं के साथ मुलाकात की। रांची लौटने के बाद उन्होंने कहा कि शीघ्र ही गठबंधन दल की बैठक होगी, जिसमें सीटों के बंटवारे पर निर्णय लिया जाएगा।

****

प्रधानमंत्री इन्टर्नशिप योजना का पंजीकरण ऑनलाइन पोर्टल पी एम इन्टर्नशिप डॉट एम सी ए डॉट जी ओ वी डॉट इन पर शुरू हो चुका है। पंजीकरण 25 अक्टूबर तक जारी रहेगा। प्रधानमंत्री इन्टर्नशिप योजना के अन्तर्गत एक सौ 93 कंपनियों ने लगभग 91 हजार इन्टर्नशिप के अवसर प्रदान किये हैं। सरकार का लक्ष्य इस वित्त वर्ष में सवा लाख इन्टर्नशिप अवसर प्रदान करना है। एक रिपोर्ट–

****

प्रवर्तन निदेशालय, ईडी ने रांची के चुटिया थाना क्षेत्र के पटेल कंपाउंड स्थित अधिवक्ता सुजीत कुमार के करीबी प्रदीप गुप्ता के ठिकाने पर छापेमारी की है। जानकारी के अनुसार ईडी की टीम श्री गुप्ता के छोटे बेटे को अपने साथ ले गयी है। हांलाकि, ईडी की दबिश से पहले ही प्रदीप गुप्ता और उसके बड़े बेटे घर से फरार हो गये थे। यह कार्रवाई केस मैनेज करने को लेकर करोड़ों रूपये की वूसली से जुड़ा हुआ है। इस मामले को लेकर रांची के पंडरा थाने में एफआईआर दर्ज हुई थी, उसी एफआईआर के आधार पर ईडी ने ईसीआर दर्ज कर जांच कर रही है। इससे पहले आठ अक्टूबर को भी ईडी ने रांची, धनबाद और पटना में इस मामले से जुड़े कई लोगों के ठिकानों पर छापेमारी की थी।

****

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद ने सोयाबीन की एक विशेष किस्म का इजाद किया है। इस नए किस्म के सोयाबीन की खेती करके रांची के किसान लाभान्वित हो रहे हैं। और जानकारी के साथ हमारे रांची संवाददाता–

****

मौसम विभाग ने राज्य के कुछ हिस्सों में मानसून के वापस होने की संभावना जताई है। मौसम केंद्र के निदेशक अभिषेक आनंद ने बताया कि राजधानी रांची समेत खूंटी, लोहरदगा, गुमला, सरायकेला–खरसांवा, सिमडेगा, पूर्वी और पश्चिमी सिंहभूम आदि जिलों में अगले तीन दिनों तक हल्के से माध्यम दर्जे की बारिश हो सकती है।

<u>*****************</u>

<u>और अब वेबसाइट की सुर्खियां</u>

रांची से प्रकाशित होने वाले लगभग सभी अखबारों की वेबसाइट ने विजयादशमी की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

प्रभात खबर ने लिखा है –मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बटन दबाया और धू धू कर रांची में जला सत्तर फीट का रावण।

दैनिक भास्कर ने गढ़वा जिले में प्रतिमा विसर्जन के दौरान हुए विवाद की खबर को बेवसाईट पेज की लीड बनाई है।

दैनिक जागरण ने लिखा है–इस महीने झारखंड के दौरे पर आ सकते हैं कांग्रेस नेता राहुल गांधी।

हिंदुस्तान लिखता है–झारखंड के किसानों के लिए खुशखबरी, सिंचाई परियोजना के लिए नाबार्ड ने दी सात सौ सत्तर करोड़ रुपये की मंजूरी।

<u>******समाप्त*******</u>